Cancer Council

Hindi | हिन्दी

क्या उम्मीद करें - हाइ ग्रेड ग्लिओमा

इलाज के प्रत्येक चरण में और इसके बाद क्या उम्मीद करें

हाइ ग्रेड ग्लिओमा

यह सूचना पत्र जानकारी देता है कि हाइ ग्रेड ग्लिओमा कैंसर के आपके इलाज से पहले, इसके दौरान और इसके पश्चात आप क्या पूछ सकते/सकती हैं। और अधिक जानकारी तथा सहायता के लिए आप अपनी टीम से पूछ सकते/सकती हैं।

अपनी टीम के साथ काम करने का अर्थ है कि आपको वह इलाज, जानकारी तथा मदद मिल रही है जो आपके लिए सही है।

1. डॉक्टर को दिखाने जाना

डॉक्टर को यह देखने के लिए जांच करनी चाहिए कि क्या वह पता लगा सकते हैं कि आप अस्वस्थ क्यों महसूस कर रहे/रही हैं। वे आपसे आपको अनुभव होने वाले किन्हीं लक्षणों के बारे में पूछ सकते हैं। उदाहरणत: हो सकता है कि आपको सुबह सिर दर्द रहता हो या फिर आपको लगातार सिर दर्द रहता हो ।

यदि आपके डॉक्टर को लगता है कि आप हाइ ग्रेड ग्लिओमा से पीड़ित हो सकते/सकती हैं, तो वे आपको अगले ही दिन और अधिक परीक्षण करवाने के लिए किसी विशेषज्ञ के पास भेज सकता है। आपका विशेषज्ञ वह डॉक्टर होता है जिसे न्यूरोलॉजिस्ट या न्यूरोसर्जन कहते हैं। ये हाइ ग्रेड ग्लिओमा से पीड़ित लोगों के साथ काम करने में प्रशिक्षित होते हैं।

आपको डॉक्टर को पूर्व में आपके स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी विशेषज्ञ को देनी चाहिए, और साथ ही यह भी बताना चाहिए कि क्या आपके परिवार में कोई कैंसर से पीड़ित रह चुका है और आपके परीक्षण के परिणाम क्या हैं।

यदि आपको दौरा या फिट पड़ने के आकस्मिक लक्षण प्रकट होते हैं तो आपको तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। अस्पताल में एक न्यूरोलॉजिस्ट या न्यूरोसर्जन आपको देखेगा।

आपके डॉक्टर या विशेषज्ञ को आपके साथ काम करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आपके पास अपने लिए ज़रूरी सूचना एवं सहायता है। आप अपने डॉक्टर से पूछ सकते/सकती हैं कि:

- आपके शरीर में क्या हो रहा है और ऐसा होने का क्या कारण हो सकता है
- क्या होगा या हो सकता है
- आप कैसा महसूस कर रहे/रही हैं और भावनात्मक रूप से स्वस्थ कैसे रहें
- अपने लिए ज़रूरी सहायता प्राप्त करने के बारे में आप किससे बात कर सकते/सकती हैं
- आप और अधिक सूचना एवं सहायता कहाँ से प्राप्त कर सकते/सकती हैं

हो सकता है कि आपका एक ही परीक्षण हो या अलग-अलग तरह के परीक्षण हों:

कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन (CT scan)

मस्तिष्क की विस्तृत तस्वीर बनाने के लिए कंप्यूटर और एक्स-रे का प्रयोग किया जाता है।

मैग्नेटिक रेज़ोनेंस इमेज़िंग स्कैन (MRI)

एक ऐसा स्कैन जिसमें मैग्नेटिक फील्ड (चुंबकीय क्षेत्रों) और रेडियो-तरंगों का प्रयोग शरीर की विस्तृत तस्वीर बनाने के लिए किया जाता है।

शारीरिक जाँच

आपके तंत्रिका तंत्र की जाँच करने के लिए आपका डॉक्टर चेक-अप और परीक्षण करेगा।

आप अपनी विज़िट में अपने साथ परिवार के किसी सदस्य या मित्र को ला सकते/सकती हैं। आप अपने डॉक्टर से और अधिक सूचना एवं सहायता के लिए पूछ सकते/सकती हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके पास अपने लिए ज़रूरी सब कुछ है।

2. परीक्षण

यदि आप पहले ही किसी विशेषज्ञ से नहीं मिले हैं तो आपका डॉक्टर आपको किसी विशेषज्ञ के पास भेज सकता है।

हो सकता है कि यह पता लगाने के लिए विशेषज्ञ आपके और अधिक परीक्षण करे कि क्या आपको हाइ ग्रेड ग्लिओमा है।

इसे रोग-निदान कहते हैं।

यदि आपको ग्लिओमा से पीड़ित पाया जाता है, तो परीक्षण यह दर्शाएंगे कि कैंसर कैसे बढ़ रहा है या क्या यह फैल चुका है।

आप विशेषज्ञ से पूछ सकते/सकती हैं कि:

- आपके कौन से परीक्षण होंगे
- परीक्षणों में क्या होगा
- परीक्षणों से आपको क्या पता चलेगा

हो सकता है कि आपका एक ही परीक्षण हो या अलग-अलग तरह के परीक्षण हों:

कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन (CT scan)

यदि आपका पहले कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन नहीं हुआ है तो यह अब किया जाएगा।

मैग्नेटिक रेज़ोनेंस इमेज़िंग स्कैन (MRI)

यदि आपका पहले मैग्नेटिक रेज़ोनेंस इमेज़िंग स्कैन नहीं हुआ है तो यह अब किया जाएगा।

पोजीट्रान एमिशन टोमोग्राफी स्कैन (PET)

रेडियो-सक्रिय सामग्री की छोटी मात्रा सुई के द्वारा डाली जाती है और आपके पूरे शरीर का स्कैन यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि कैंसर कहाँ है।

सर्जिकल बायोप्सी

इस प्रकार की बायोप्सी जिसमें ग्लिओमा का छोटा नमूना काटा जाता है ताकि इसका परीक्षण किया जा सके।

खोपड़ी में छोटा छिद्र किया जाता है। ग्लिओमा का नमूना लेने के लिए विशेषज्ञ सुई का प्रयोग करेगा।

हो सकता है कि ग्लिओमा तक पहुँचने के लिए विशेषज्ञ को खोपड़ी के बड़े टुकड़े को निकालने की ज़रूरत पड़े। इसे निश्चेतक के तहत किया जाता है ताकि आप इसे महसूस न करें।

नमूना प्रयोगशाला भेजा जाता है ताकि वे यह देख सकें कि क्या यह कैंसर है या नहीं।

ऐसा किसी सर्जन द्वारा किया जाता है जिसे मस्तिष्क की सर्जरी करने में बहुत अनुभव होता है।

आप अपने डॉक्टर से कैंसर मित्र सहायता समूह का पता लगाने का अनुरोध कर सकते/सकती हैं। यह जानना सहायक हो सकता है कि ऐसे अन्य लोग हैं जो ये समझते हैं कि आपपर क्या बीत रही है।

आपके मित्र और आपका परिवार देखरेखकर्ताओं के किसी सहायता समूह से बात कर सकते हैं।

3. इलाज

आपके विशेषज्ञ को टीम के साथ काम करना चाहिए। आपकी टीम में वे लोग शामिल हैं जो हाइ ग्रेड ग्लिओमा को समझते हैं।

आपकी टीम आपके परीक्षण के परिणामों की समीक्षा करेगी। उन्हें आपसे यह पूछना चाहिए कि आप क्या चाहते/चाहती हैं और आपकी ज़रूरत क्या है। आपको अपने इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ योजना बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

आप अपनी टीम से पूछ सकते/सकती हैं कि:

- आपका क्या इलाज हो रहा है
- आपका इलाज क्यों हो रहा है
- इलाज में क्या होगा
- इलाज से क्या होगा
- इलाज कब शुरू होगा और इसमें कितना समय लगेगा
- इलाज के खतरे और लाभ
- इलाज के दौरान आप कैसा महसूस कर सकते/सकती हैं, दुष्प्रभाव, और जितना संभव हो सके, उतना ठीक महसूस करने के लिए आप क्या कर सकते/सकती हैं
- इलाज के बाद आप क्या उम्मीद कर सकते/सकती हैं

हो सकता है कि आपकी टीम आपको किसी क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने का सुझाव दे। क्लिनिकल ट्रायल का प्रयोग किसी नए इलाज का परीक्षण करने, या यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि क्या कोई इलाज किसी दूसरी तरह के इलाज से बेहतर असर करता है या नहीं।

अनुपूरक चिकित्साओं में मालिश, एक्यूपंक्चर तथा चिंतन जैसी अन्य चिकित्साएँ और साथ ही अन्य दवाएँ भी शामिल हैं जिनका सेवन आप अपने इलाज के साथ कर सकते/सकती हैं। हो सकता है कुछ चिकित्सा विधियाँ आपके इलाज में ठीक से काम न करें। इसलिए, यदि आप किन्हीं अनुपूरक चिकित्साओं का प्रयोग कर रहे/रही हैं, या प्रयोग करना चाहते/चाहती हैं, तो अपनी टीम के साथ बात करना बहुत महत्वपूर्ण है।

हो सकता है कि आपका एक ही इलाज हो या अलग-अलग तरह के इलाज हों:

सर्जरी वह चिकित्सा विधि है जिसमें कैंसर को काट दिया जाता है।

यह हाइ ग्रेड ग्लिओमा से पीड़ित लोगों के लिए सबसे आम इलाज है। इसे किसी ऐसे सर्जन द्वारा किया जाना चाहिए जिसे मस्तिष्क की सर्जरी करने में बहुत अनुभव प्राप्त हो।

कीमोथेरेपी या ड्रग थेरेपी वह चिकित्सा विधि है जिसमें कैंसर को बढ़ने से रोकने के लिए दवाईयों का प्रयोग किया जाता है।

इसका प्रयोग सर्जरी के पश्चात, रेडिएशन थेरेपी के साथ या रेडिएशन थेरेपी के पश्चात किया जा सकता है।

रेडिएशन थेरेपी या रेडियोथेरेपी वह चिकित्सा विधि है जिसमें कैंसर को बढ़ने से रोकने के लिए रेडिएशन का प्रयोग किया जाता है।

रेडिएशन थेरेपी का प्रयोग अकेले या कीमोथेरेपी के साथ किया जा सकता है।

स्टेरॉयड और **ऐन्टिकन्वल्सन्ट** (आक्षेपरोधी) दवाएँ दौरे पड़ने से रोकती हैं। बीमारी के आपके लक्षणों को कम करने के लिए इनका प्रयोग किया जा सकता है।

हाइ ग्रेड ग्लिओमा आम-तौर पर लाइलाज होता है। इसका अर्थ यह है कि आपके इलाज से कैंसर के पूरी तरह से दूर होने की संभावना बहुत कम होती है। ग्लिओमा से पीड़ित अधिकाँश लोग अपने लक्षणों का प्रबंध करने के लिए अपनी प्रशामक देखरेख टीम के साथ काम करेंगे।

प्रशामक देखरेख आपके लक्षणों और इलाज के किन्हीं दुष्प्रभावों को कम करने में मदद करती है। इससे आपको अच्छा महसूस करने में भी मदद मिल सकती है। आपकी टीम ग्लिओमा से पीड़ित लोगों के साथ काम करने में प्रशिक्षित होती है। आप अपने लिए जो भी सूचना एवं सहायता चाहिए, आप उसके लिए अनुरोध कर सकते/सकती हैं।

इलाज और दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी आप अपने डॉक्टर से ले सकते/सकती हैं या इसके लिए www.cancer.org.au/about-cancer/treatment **देखें**।

आपकी टीम को आपके इलाज से पहले, इसके दौरान और इसके पश्चात आपकी ज़रूरतों के बारे में आपसे बात करनी चाहिए। आप किसी भी समय सूचना एवं सहायता की मांग कर सकते/सकती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आपके पास अपने लिए ज़रूरी सब कुछ है।

आपकी टीम आपका संपर्क अन्य सेवाओं और स्वास्थ्य पेशेवरों से स्थापित कर सकती है ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहते/रहती हैं।

4. अपने इलाज के पश्चात

आपके इलाज के समाप्त होने के बाद, आपकी टीम को आपको इलाज का सारांश देना चाहिए। आपके इलाज के सारांश में आपको मिले इलाज से सम्बन्धित संपूर्ण जानकारी शामिल होती है:

- आपके ग्लिओमा का रोग-निदान करने के लिए आपपर किए गए परीक्षण, और इन परीक्षणों के परिणाम
- आपको मिला इलाज, और आपने यह कब कराया था
- सहायता सेवाएँ और आपको मिली अन्य इलाज योजनाएँ

अब आपके इलाज के समाप्त होने के बाद आपकी टीम को आपके साथ काम करना चाहिए। आप घर जाने में सक्षम होंगे/होंगी। आपकी अपने विशेषज्ञ के साथ फॉलो-अप विज़िट्स होंगी। आपको और आपके डॉक्टर को फॉलो-अप (आगे की) योजना दी जानी चाहिए जिसमें शामिल हैं:

- ऐसी निरंतर देखरेख जो आपके लिए सर्वश्रेष्ठ हो
- इलाज के किन्हीं दुष्प्रभावों की व्यवस्था करने की योजनाएँ
- आपके लिए ज़रूरी होने पर मदद कैसे लें

5. कैंसर के साथ जीवन व्यतीत करना

दुष्प्रभाव

कुछ लोगों में अपने इलाज के दौरान और इसके पश्चात दुष्प्रभाव आते हैं। दुष्प्रभाव आपके शरीर द्वारा आपको मिलने वाले इलाज पर की जाने वाली प्रतिक्रिया है। ये सामान्य होते हैं, परन्तु इनके कारण आप अस्वस्थ महसूस कर सकते/सकती हैं।

हो सकता है कि आपको तुरंत ही दुष्प्रभाव हों, बिल्कुल भी न हों या अपना इलाज कराने के महीनों बाद हों।

आप अपने दुष्प्रभावों के बारे में अपने डॉक्टर से बात कर सकते/सकती हैं और आपको स्वस्थ महसूस कराने में मदद के लिए सूचना एवं सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं या www.cancervic.org.au/about-cancer/survivors/long-term-side-effects **देखें**।

अग्रिम देखरेख योजना

अग्रिम देखरेख योजना बनाने के लिए आपका डॉक्टर आपके साथ काम कर सकता है। अग्रिम देखरेख योजना आपकी इच्छाओं को तय करने और यह सुनिश्चित करने का तरीका है कि यह कोई यह जानता है कि भविष्य की चिकित्सीय देखरेख में आप क्या चाहते/चाहती हैं।

आप मिलकर अग्रिम देखरेख योजना बनाने के लिए अपने डॉक्टर से बात कर सकते/सकती हैं या www.advancecareplanning.org.au **देखें**।

प्रशामक देखरेख

प्रशामक देखरेख का प्रयोग आपके इलाज के अलग-अलग चरणों में आपको स्वस्थ महसूस कराने में मदद देने के लिए किया जाता है। प्रशामक देखरेख दर्द से राहत दिलाने, आपके लक्षणों को कम करने और जीवन-शैली को बेहतर बनाने में मदद दे सकती है।

आप अपने लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशामक देखरेख के प्रकार के बारे में अपने डॉक्टर से बात कर सकते/सकती हैं या www.palliativecare.org.au **देखें**।

लागत

आपके कैंसर के प्रत्येक चरण में खर्चे शामिल हैं, इसमें इलाज, आवास एवं यात्रा शामिल है। यदि आप प्राइवेट हेल्थ सेवा में इलाज करा रहे/रही हैं तो भले ही आपने प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस ले रखी हो पर आपको खर्च उठाना पड़ सकता है। यदि सम्भवत: आपके होने वाले प्रत्येक इलाज की लागत के बारे में आपके सवाल हैं तो आप अपनी टीम या अपने प्राइवेट हेल्थ इंश्योरर (बीमा-कर्ता) से बात कर सकते/सकती हैं। आप अपने अस्पताल पर सामाजिक कार्यकर्ता से भी बात कर सकते/सकती हैं।

आप अपने इलाज की लागत के बारे में अपने डॉक्टर से बात कर सकते/सकती हैं या www.canceraustralia.gov.au/affected-cancer/living-cancer/dealing-practical-aspects-cancer/costs-treatment देखें।

आप आवास और यात्रा की लागत के बारे में अपने डॉक्टर से बात कर सकते/सकती हैं या www.cancercouncil.com.au/get-support/practical-support-services देखें।

यदि आप हाइ ग्रेड ग्लिओमा से पीड़ित हैं तो बहुत सी बातों पर सोच-विचार करने की ज़रूरत होती है। बहुत सूचना एवं सहायता भी उपलब्ध है। यह महत्वपूर्ण है कि आप वे कदम उठाएँ जो आपके लिए सही हैं। आप अपनी टीम के साथ काम कर सकते/सकती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आपको सर्वश्रेष्ठ देखरेख मिलती है।

सूचना एवं सहायता

Cancer Council

- आप कैंसर नर्स से बात कर सकते/सकती हैं **13 11 20**
- यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है **13 14 50**

Carers Australia

- देखरेखकर्ताओं के लिए सूचना एवं सहायता **1800 242 636**

Australian Government
Cancer Australia
VICTORIA State Government
Cancer Council